Title: Need to revive sick/closed industries in Bihar.

श्री राजो सिंह (बेगूसराय) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार में जो बची-खुची औद्योगिक इकाईयां हैं उनमें से अधिकांश मृतप्राय हैं। उदाहरण के लिए मुजफ्फरपुर तथा मोकामा में स्थित भारत वेंगन लिमिटेड की दो इकाइयां आपूर्ति आदेशों के अभाव में पिछले चार वर्ों से दम तोड़ रही हैं। मुजफ्फरपुर में आई.डी.पी.एल. की इकाई को बीमार होने के लिए मजबूर कर दिया गया है। ऐसी ही स्थिति पटना जिले के मोकामा में एन.टी.सी. स्पिनिंग एंड वीविंग मिल की है। बिहार के इस भाग में निजी क्षेत्र का औद्योगिक कॉम्पलैक्स डालमिया नगर में रोहतास ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज अब करीब-करीब काफी समय से बंद पड़ी है। इसी प्रकार बरौनी उर्वरक फैक्टरी को पुन र्वासित करने की आवश्यकता है, जो कि पिछले कई वर्ों से निर्जीव पड़ी है। अमझोर में फास्फेट्स एंड पाइरेट्स कैमिकल लिमिटेड यूनिट को भी रिवाइव करने की आ वश्यकता है। बरौनी रिफाइनरी के विस्तार तथा हल्दिया-बरौनी क्रूड पाइप लाइन को पूरा करने की भी तत्काल आवश्यकता है। तीन स्थानों, बरौनी, बस्कर, भागलपुर में गैस बॉटलिंग प्लान्ट्स लगाने की आवश्यकता है।

मैं सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि बिहार में बंद पड़े उद्योगों को चालू कराने की कृपा की जाए, जिससे बिहार एक आत्मनिर्भर राज्य बन सके।